लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4454

30 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र नीति

4454. श्री मारगनी भरत:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय स्तर पर वस्त्र नीति लगभग 20 वर्ष पहले तैयार की गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विश्व में विभिन्न विकासात्मक, तकनीकी, विपणन और अन्य परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए इस नीति पर फिर से विचार करने और एक नई नीति तैयार करने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या सरकार ने पुरानी वस्त्र नीति के स्थान पर नई वस्त्र नीति बनाने की पहल की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): जी हां।

(ख) से (घ): सरकार वस्त्र क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नई वस्त्र नीति तैयार कर रही है। नई वस्त्र नीति पर स्टेकहोल्डरों के साथ परामर्श किया जा रहा है और इसे अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

*****